हरिभूमि
# महासमुंद भूमि
रायपुर, शुक्रवार 14 जून 2024

तापमान

अधिकतम 39.2 डिग्री

न्यूनतम 27.6 डिग्री

14 ओलावृष्टि से हुई फसल क्षति की मुआवजा राशि देने की...



14 कला एवं संस्कृति के अध्ययन के बिना अधूरा ...





## खबर संक्षेप

### ट्रैक्टर ने बाइक को मारी टक्कर, एक घायल

**महासमुंद।** ट्रैक्टर की टक्कर से बाइक सवार एक व्यक्ति घायल हो गया। मामले में कोमाखान पुलिस ने आरोपी वाहन चालक के खिलाफ जुर्म दर्ज किया है। शांतिलाल पारकर पिता भुनेश्वर पारकर (42 साल) निवासी सोनामुंदी ने पुलिस को बताया कि मेरे पिता भुनेश्वर पारकर खरियाररोड से किराना सामान लेकर अपने घर ग्राम सोनामुंदी वापस आ रहे थे। इसी दौरान ग्राम टेमरी और सोनामुंदी के मध्य रास्ते में वाहन ट्रैक्टर क्रमांक सीजी 06 जीजे 9566 के चालक विपरीत दिशा से तेज एवं लापरवाही पूर्वक चलाते हुए मेरे पिता के वाहन सीजी 06 जीके 2320 को ठोकर मार दिया। घटना में मेरे पिता के सिर और बाएं हाथ के कंधे तथा दायें हाथ की कलाई के ऊपर हथेली पर गंभीर चोटें आई हैं। जिन्हें 112 वाहन से इलाज हेतु सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बागबाहरा लाया, जहां प्राथमिक उपचार पश्चात रायपुर रेफर किया गया। पुलिस ने धारा 279, 337 के तहत आरोपी ट्रैक्टर चालक के खिलाफ जुर्म दर्ज किया है।

### धारदार हथियार लहराने वाले युवक पर कार्रवाई

**महासमुंद।** सरायपाली पुलिस ने धारदार बटन चाकू लहराकर लोगों को डरा धमका रहे युवक को गिरफ्तार किया है। आरोपी के पास से धारदार हथियार जब्त करते हुए सरायपाली थाना में आर्म्स एक्ट की धाराओं के अंतर्गत जुर्म दर्ज किया गया है। पुलिस के मुताबिक मुखबिर से सूचना मिली कि वार्ड नंबर 11 बाजारपारा सरायपाली के पास हिमांशु सोना अपने हाथ में एक स्टील का धारदार बटनदार चाकू लेकर आम जगह पर लहराकर लोगों को डरा धमका रहा है। जिससे वहां से गुजरने वाले लोग भयभीत हैं। बाद पुलिस ने मौके पर पहुंचकर उक्त युवक से पूछताछ की। उसने अपना नाम पता हिमांशु सोना पिता महेश सोना (21 साल) निवासी वार्ड नंबर 11 बाजारपारा सरायपाली बताया। आरोपी के पास से धारदार बटनदार चाकू बरामद किया गया। पुलिस ने आरोपी हिमांशु को गिरफ्तार करते हुए उसके खिलाफ धारा 25,27 आर्म्स एक्ट के तहत मामला पंजीबद्ध किया है।

# लोकसभा चुनाव में मिली हार, कांग्रेस कार्यकर्ताओं को बताया परिवार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

लोकसभा चुनाव के परिणाम के बाद

- **ताम्रध्वज बोले: व्यक्ति मेहनत करना न छोड़े और मिलती है असफलता से सीख**

कांग्रेसी प्रत्याशी व पूर्व गृह मंत्री ताम्रध्वज साहू गुरुवार को जिला मुख्यालय स्थित कांग्रेस भवन पहुंचे। जहां मौजूद कार्यकर्ताओं ने चुनाव के परिणाम के बारे में अपने-अपने विचार प्रस्तुत किए। जिसमें विनोद सेवनलाल चंद्राकर, दाऊलाल चंद्राकर, कुलेश्वर ठाकुर, सती साहू, मनोजकांत साहू, मंदाकिनी साहू ने चुनाव संबंधी विषयों पर चर्चा करते हुए कार्यकर्ताओं के समक्ष अपनी बातें रखी।

कांग्रेस प्रत्याशी रहे ताम्रध्वज साहू ने कहा कि हार जीत सिक्के के दो पहलू है। व्यक्ति कभी सौ प्रतिशत मेहनत कर भी सफलता रूपी फल की प्राप्ति नहीं कर पाता, लेकिन मेहनत करने वाले को निराश नहीं होना चाहिए। मेहनत करना व्यक्ति को नहीं छोड़ना चाहिए और व्यक्ति को असफलता से सीखना चाहिए। उन्होनें



कार्यकर्ताओं से कहा कि हमारा संबंध राजनीतिक नही पारिवारिक है। सभी एक दूसरे के दुख-सुख में परस्पर भाग लेंगे और साथ देंगे। कार्यक्रम का संचालन एवं आभार प्रदर्शन शहर अध्यक्ष खिलावन बघेल ने किया।

### यह रहे मौजूद

इस दौरान ताम्रध्वज साहू, विनोद सेवनलाल चंद्राकर पूर्व विधायक, शहर अध्यक्ष खिलावन बघेल, ग्रामीण अध्यक्ष ढेलू निषाद, ग्रामीण अध्यक्ष खिलावन साहू, दाऊलाल चंद्राकर, लक्ष्मी देवांगन, सती साहू, संजय शर्मा, प्रमोद चंद्राकर, मनोज कांत साहू, प्रकाश राव साकरकर, सोमेश दवे, सुनील शर्मा, प्रवीण चंद्राकर, प्रदीप चंद्राकर, गौरव चंद्राकर, रमेश साहू, लता कैलाश चंद्राकर, मंदाकिनी साहू, लक्ष्मी सोनी, श्वेता गुप्ता, माया पांडे, सोनम रामटेके, भूमिका ध्रुव, आरती महंती, अनवर हुसैन, कुलेश्वर ठाकुर, हुलाश गिरी गोस्वामी, गोविंद राम साहू, द्रोण चंद्राकर, जसबीर ढिल्लो, प्रहलाद ध्रुव, शकील खान, सुनील चंद्राकर, लखन चंद्राकर,मोती साहू, राजू साहू, तुलसी साहू, कपिल साहू, मनोहर ठाकुर, जाकिर रजा, जीवन यादव, बसंत चंद्राकर, देवेश शर्मा, रमन सिंह, सुरेंद ठाकुर, सन्नी महानंद, निखिल चंद्राकर, निर्मल जैन, टोमन सिंग कागजी, दिलीप चंद्राकर, बदल बघेल, सालिक राम पाटले, बिहारी पटेल, देवेश शर्मा, संतोष धीवर, थान सिंग, तुलसी देवदास आदि मौजूद रहे।

## घटना : अलग-अलग सड़क दुर्घटना में घायल

# सड़क दुर्घटना के तीन मामले में जांच शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

सड़क दुर्घटना तीन अलग-अलग घटनाओं में कोतवाली थाना क्षेत्रांतर्गत जुर्म दर्ज किया गया है। संबंधितों और घायलों और परिजनों की शिकायत पर पुलिस ने मामले में आरोपियों के खिलाफ जुर्म दर्ज कर मामले को विवेचना में लेते हुए जांच शुरु कर दी है।

पहली घटना में अमरदास बंजारे पिता देवदास बंजारे निवासी ग्राम बम्हनी ने बताया कि ड्रायवरी



का काम करता हूं। 12 जून को मै पद्मसंभव मिश्रा की कार क्र सीजी 04 एलवी 6475 से उनकी पत्नी आयुषी शुक्ला को मेडिकल कॉलेज महासमुंद छोड़ने के लिए जा रहा था। सुबह 9.45 बजे कांग्रेस चौक सिग्नल में रेड सिग्नल होने पर खड़े थे, जैसे ही सिग्नल हरा हुआ मैंने कार को आगे बढ़ाया, तभी पीछे से ट्रक क्र. सीजी 06 जीई 3087 के चालक ने अपने वाहन को लापरवाहीपूर्वक चलाकर पीछे से कार के दाहिने ओर ठोकर मारकर एक्सीडेंट कर दिया और वहां से भाग निकला। पुलिस ने रिपोर्ट पर आरोपी ट्रक चालक के खिलाफ धारा 279 के तहत जुर्म दर्ज किया है।

### कार की टक्कर से दो घायल

एक्सीडेंट के दूसरे मामले में प्रार्थी भूपेंद्र दास पिता मंगलू दास ने पुलिस को बताया कि मैं वन विभाग में बीएफओ के पद पर लहंगर एवं नवागांव में पदस्थ हूं। 11 जून को विभागीय काम से मैं, लहंगर में चौकीदारी करने वाले गोपाल सिंग ध्रुव और नरसिंग यादव महासमुंद आए थे। काम होने के बाद गोपाल सिंग ध्रुव अपनी बाइक सीजी 06 बी 7692 में नरसिंग यादव को पीछे बिठा कर लहंगर जा रहा था। वहीं मैं अपने मोटर सायकल से उनके पीछे था। दोपहर करीब 3.30 बजे चोपड़ा राईस मिल के पास महासमुंद से तुमगांव रोड बेमचा पहुंचे थे कि तुमगांव की ओर से आ रही सफेद रंग की कार आर्टिका क्रमांक सीजी 04 एचएल 4080 के चालक ने अपने वाहन को तेजी व लापरवाहीपूर्वक चलाकर रांग साइड में लाकर गोपाल सिंग ध्रुव की बाइक को सामने ठोकर मारकर एक्सीडेंट कर दिया, जिससे गोपाल ध्रुव और नरसिंग यादव मोटर सायकल सहित गिर गए। एक्सीडेंट में गोपाल सिंह ध्रुव को दोनों पैर, हाथ एवं सिर में और नरसिंग यादव के पैर, कंधा एवं छाती में चोटें आई है। पुलिस ने रिपोर्ट पर आरोपी कार चालक के खिलाफ धारा 279, 337 के तहत जुर्म दर्ज किया है।

### एक्सीडेंट में भाई-बहन घायल

एक्सीडेंट के तीसरे मामले में प्रार्थी मेघराज साहू पिता गोवर्धन साहू निवासी ग्राम जामली थाना खल्लारी ने पुलिस को बताया कि गांव में ही किराना स्टोर्स चलाता हूं। 6 जून को अपने बाइक सीजी 06 डी 7245 में बड़ी बहन मोनिका साहू को लेकर किराना समान लेने महासमुंद आया था। किराना सामान लेकर दोनों वापस घर जामली जा रहे थे कि लगभग शाम 4.30 बजे तेज बहादुर राइस मिल के पहले पुल के पास एनएच 353 रोड में पहुंचे थे कि बागबाहरा की ओर से आ रही सफेद रंग का अशोक लीलेंड पिकप क्रमांक सीजी 04 एनडब्लू 4975 के चालक ने अपने पिकप वाहन को तेज गति एवं लापरवाहीपूर्वक चलाकर मेरे बाइक को सामने से ठोकर मार कर एक्सीडेंट कर दिया। घटना में मैं और मेरी दीदी मोटर सायकल सहित रोड में गिर गए, जिससे मुझे कमर, बाएं आंख में और मेरी बहन मोनिका साहू को बाएं पैर में चोट आई है। पुलिस ने आरोपी पिकअप चालक के खिलाफ धारा 279, 337 के अंतर्गत अपराध दर्ज किया है।

## नवनिर्वाचित महासमुंद लोकसभा सांसद के नगर आगमन पर भाजपाइयों ने किया स्वागत



**महासमुंद।** सांसद निर्वाचित होने पश्चात रुपकुमारी चौधरी के प्रथम आगमन पर विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा एवं समस्त वरिष्ठ भाजपा कार्यकर्ताओं की मौजूदगी में घोड़ारी चौक में में सभी वरिष्ठ भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ श्रीफल एवं शॉल भेंटकर स्वागत किए। इस दौरान छत्तीसगढ़ राज्य के निर्माता भूतपूर्व प्रधानमंत्री, भारत रत्न स्व. अटल बिहारी वाजपेयी के मूर्ति पर माल्यार्पण भी किया।

# सावित्रीपुर के कन्या छात्रावास में चोरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

सावित्रीपुर के आदिवासी कन्या छात्रावास से करीब 30 हजार रुपए के सामानों की चोरी का मामला सामने आया है। सांकरा पुलिस ने छात्रावास अधीक्षिका की रिपोर्ट पर अज्ञात आरोपी के खिलाफ जुर्म दर्ज कर मामले की विवेचना शुरू कर दी है। पुलिस को अश्मिता प्रधान पति अजीत प्रधान निवासी ग्राम परसकोल थाना बसना हाल मुकाम सावित्रीपुर ने बताया कि मैं सावित्रीपुर थाना सांकरा के आदिवासी कन्या छात्रावास में वर्ष 2016 से अधीक्षिका के पद पर पदस्थ हूं । शासकीय अवकाश होने से छात्रावास बंद है। 27 मई को मैं शाम 6 बजे छात्रावास में ताला लगाकर अपने निवास चली गई थी। उस दिन छात्रावास में कोई कर्मचारी नहीं था। 28 मई को जब मैं कार्यालयीन समय में पहुंची तो देखा छात्रावास के मेन गेट का ताला व कंप्यूटर रुम का ताला टूटा हुआ था। कंप्यूटर कक्ष में रखे दो नग कंप्यूटर सेट व एक नग सीसीटीवी डीवीआर कीमत 30000 रुपए को अज्ञात चोर ने चोरी कर लिया। पुलिस ने मामले में अज्ञात आरोपी के खिलाफ धारा 380, 457 के तहत अपराध दर्ज किया है।

# दो पक्षों के बीच हुई मारपीट अलग-अलग आरोप लगाए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

नगर के तिवारी बिल्डिंग के पास दो पक्षों के बीच मारपीट की घटना हुई है। दोनों पक्षों ने अलग-अलग आरोप लगाते हुए सिटी कोतवाली थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है।

पुलिस को प्रार्थी हिरेंद्र सोनी पिता शंकरलाल सोनी वार्ड नं 28 मौहारीभाठा ने बताया कि 12 जून को करीब 8.30 से 9 बजे के आसपास वह मनीष तारक को घर छोड़ने के लिए जा रहा था। तभी तिवारी बिल्डिंग के पास पहुंचकर देखा कि तिवारी बिल्डिंग के सामने एक झोपड़ी में आग लगकर जल रहा था, जिसका मैं अपने मोबाइल से वीडियो बना रहा था, तभी अचानक आरोपी छत्रपाल साहू उर्फ मटरू साहू मुझे देखकर अपने दुकान से एक बांस का डंडा लेकर आया एवं मेरे मोबाइल को छीनकर फेंक दिया और गालियां और जान से मारने की धमकी देते हुए अपने पास में रखे बांस के डंडे से मुझे एवं मेरे साथी मनीष तारक को मारना चालू कर दिया, मारपीट करने से मेरे बाएं हाथ की उंगली, दाहिने पैर और मनीष तारक को दाहिने पैर एवं दोनों हाथ में चोट लगी है। पुलिस ने रिपोर्ट पर धारा 294, 323, 506 के तहत जुर्म दर्ज किया है।

### दूसरे पक्ष ने भी दर्ज कराई एफआईआर

वार्ड नं 15 महामाया पारा महासमुंद निवासी चंदन साहू पिता रामूलाल साहू ने बताया कि वह कूलर बनाने का काम करता है और मेरी दुकान तिवारी बिल्डिंग के सामने सरकारी अस्पताल के बाजू में हैं। मेरा लड़का छत्रपाल साहू उर्फ मटरू साहू भी मेरे साथ कूलर बनाने का काम करते हैं। हम लोग हर दिन रात करीब



8.00 बजे दुकान बंद कर घर चले जाते हैं। दुकान बंद होने के बाद महासमुंद के हिरेंद्र सोनी, मनीष तारक एवं अन्य कई लोग प्रतिदिन हमारे दुकान के पास आकर शराब पीते हैं। साथ ही ये लोग मेरे लड़के छत्रपाल को बुलाकर शराब मंगवाते हैं और उसे भी साथ में पिलाते हैं।

12 जून की रात 8 बजे के बाद आरोपी हिरेंद एवं मनीष तथा उनके साथी लोग हमारे दुकान के पास आए तथा बैठकर शराब पी रहे थे। वहां छत्रपाल भी था। रात 9.52 बजे राजू देवांगन ने फोन कर बताया कि मटरू के साथ कुछ लड़के डंडे से मारपीट कर रहे हैं। जब मैने जाकर देखा तो मेरा लड़का छत्रपाल उर्फ मटरू जमीन में पड़ा था एवं उसे हिरेंद्र सोनी और मनीष तारक गालियां देते डंडे, लात घूंसा से मारपीट कर रहे थे। मैने एवं मेरी पत्नी बडी मुश्किल से उन दोनों से मटरू को छुड़ाया और अपनी बाइक में बिठाकर इलाज कराने जिला अस्पताल ले गए। जब मैंने राजू देवांगन एवं ओमकार देवांगन से मारपीट के बारे में पूछा तो उन्होंने बताया कि शराब लेने जाने से मटरू द्वारा मना करने पर आरोपी हिरेंद्र और मनीष मारपीट कर रहे थे। पुलिस ने मामले में रिपोर्ट पर आरोपियों के खिलाफ धारा 294, 323, 506, 34 के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना शुरु कर दी है।

# पिता और छोटे भाई ने की मारपीट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

खेत जोताई की बात को लेकर एक व्यक्ति के साथ उसके पिता और छोटे भाई ने मारपीट कर दी। मामला बसना थाना अंतर्गत ग्राम अंकोरी का है। पुलिस को प्रार्थी हेमंत डडसेना पिता नीलमणी डडसेना ग्राम अंकोरी ने बताया कि 12 जून की शाम 4.30 के आसपास मेरा छोटे भाई अक्षय डडसेना और पिताजी नीलमणी डडसेना डोंगरीखार के खेत को ट्रैक्टर से जोतवाने की बात कर रहे थे, जिसे सुनकर मैने कहा कि इस साल डोंगरीखार के खेत को मैं जोताई करवाऊंगा, आप लोग बोर की ओर के खेत को जोताई करवाना। मेरे ऐसान कहने पर वे दोनों आवेश में आ गए, गाली गलौज कर हाथ मुक्के से मारपीट करने लगे। मेरे छोटे भाई व आरोपी अक्षय डडसेना ने मुझे जान से मारने की धमकी देते हुए घर में रखे डंडे से मेरे सिर को मारा, जिससे मेरे सिर से खून बहने लगा व मेरे बांए पैर, बांए हाथ में चोट लगी। पुलिस ने रिपोर्ट पर आरोपियों के खिलाफ धारा 294, 323, 34, 506 के अंतर्गत जुर्म दर्ज कर मामले की विवेचना शुरू कर दी है।

# डीपीएड पाठ्यक्रम में प्रवेश के लिए विभागीय एवं स्वाध्यायी आवेदकों से आवेदन आमंत्रित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

शिक्षा सत्र 2024-25 में शासकीय महिला शारीरिक शिक्षा प्रशिक्षण महाविद्यालय पेंड्रा जिला गौरेला-पेंड्रा-मरवाही में बीपीएड/ डीपीएड पाठ्यक्रम में प्रवेश के लिए छग शासन स्कूल शिक्षा विभाग के अंतर्गत शासकीय स्कूलों में कार्यरत इच्छुक नियमित सहायक शिक्षक/सहायक शिक्षक (एलबी)/सहायक शिक्षक पंचायत आवेदन कर सकते हैं। विभागीय के लिए द्विवर्षीय पाठयक्रम बीपीएड में पुरूष व महिला के लिए 05-05 एवं डीपीएड में पुरूष के लिए 10 व महिला के लिए 05 सीट उपलब्ध है। इसी तरह स्वाध्यायी के लिए द्विवर्षीय पाठयक्रम बीपीएड एवं डीपीएड दोनों में ही पुरूषों के लिए 35-35 व महिलाओं के लिए 15-15 सीट उपलब्ध है। विभागीय उम्मीदवारों को डीपीएड के लिए हायर सेकंडरी परीक्षा 50 प्रतिशत अंकों के साथ उत्तीर्ण एवं बीपीएड के लिए स्नातक में 50 प्रतिशत अंकों के साथ उत्तीर्ण होना अनिवार्य है। साथ ही एनसीटीआई द्वारा निर्धारित अहर्ता मान्य की जाएगी। 01 जुलाई 2024 को न्यूनतम सेवाकाल 3 वर्ष पूर्ण होना चाहिए। विभागीय एवं स्वाध्यायी आवेदक अधिक जानकारी एवं आवेदन पत्र अपने विकासखंड शिक्षा अधिकारी से प्राप्त कर उसी कार्यालय में जमा कर सकते हैं। विकासखंड शिक्षा अधिकरी केवल विभागीय आवेदन पत्र वरिष्ठता क्रम में तैयार कर 27 जून 2024 तक हार्ड एवं सॉफ्ट कापी कार्यालय जिला शिक्षा अधिकारी महासमुंद में जमा करेंगे।

## जिला प्रभारी सचिव निधि छिब्बर ने की आकांक्षी सूचकांकों की प्रगति की समीक्षा

# परंपरागत व्यवसायों को भी कौशल विकास प्रशिक्षण के साथ जोड़ें

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

नीति आयोग की महानिदेशक (वि.अ.मु.का.) व राज्य नोडल अधिकारी आकांक्षी विकास कार्यक्रम एवं जिले के प्रभारी सचिव निधि छिब्बर ने गुरुवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जिला अधिकारियों की बैठक लेकर आकांक्षी सूचकांकों की प्रगति की समीक्षा की। प्रभारी सचिव छिब्बर ने आकांक्षी जिला के विभिन्न सूचकांकों, स्वास्थ्य एवं पोषण, शिक्षा, कृषि एवं जल संसाधन, कौशल एवं वित्तीय समावेश, बुनियादी ढांचे सहित अन्य क्षेत्रों में किए गए कार्यों एवं उपलब्धियों की समीक्षा की तथा रैंकिंग में सुधार के लिए और बेहतर प्रदर्शन करते हुए कमियों को दूर करने के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया।

छिब्बर ने समीक्षा करते हुए कहा कि कार्यों की प्रगति सूचकांकों के अनुरूप तीव्र गति से होनी चाहिए। इसके लिए समन्वय स्थापित कर कार्य करने की आवश्यकता है। स्वास्थ्य एवं पोषण के क्षेत्र में जागरूकता बहुत जरूरी है। सिकल सेल जैसे बीमारी को रोकने के बेहतर प्रयास किए जा रहे है, इसकी पहचान करने अभियान चलाकर कार्य किया जाए। कुपोषित बच्चों को आंगनबाड़ी केंद्रों में सघन मॉनिटरिंग की जाती है, परंतु स्कूल में प्रवेश के पश्चात मॉनिटरिंग धीमी पड़ जाती है। इसके लिए शिक्षक भी आवश्यक प्रयास करें। शिक्षा के क्षेत्र में सुधार के लिए विभिन्न सर्वे रिपोर्ट




के अनुसार सुधार किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि पारंपरिक व्यवसाय जैसे कमार के द्वारा बांस और बसना क्षेत्र में बुनकरों द्वारा संबलपुरी साड़ी का निर्माण किया जाता है उसे कौशल विकास प्रशिक्षण के साथ जोड़ा जाए तथा उत्पादों को बेचने के लिए भी विशेष प्रयास किया जाए।

छिब्बर ने कहा कि आकांक्षी जिलों के लिए विभिन्न विभागों के लिए सूचकांक निर्धारित किए गए है। उन सूचकांकों के अनुरूप लक्ष्यों की उपलब्धि हासिल की जानी है। उन्होंने संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि निर्धारित लक्ष्यों को हासिल करने के लिए विशेष रूप से प्रयास करें। साथ ही डाटा एंट्री के लिए विशेष प्रशिक्षण दिया जाना चाहिए, ताकि, एंट्री सही तरीके से हो सके। उल्लेखनीय है कि जिले में पिथौरा विकासखंड को आकांक्षी जिला के रूप में चयन किया गया है। छिब्बर ने सूचकांकों के सुधार के लिए जन्म के समय बच्चों के कम वजन को ध्यान में रखते हुए एनआरसी में भर्ती कराने और पोषण ट्रेकर के माध्यम से लगातार मॉनिटरिंग करने कहा है। साथ ही महिला एवं बाल विकास, स्वास्थ्य और मितानिनों का बैठक लेने के निर्देश दिए। कलेक्टर प्रभात मलिक ने जिले में चलाए जा रहे योजनाओं के बारे में बताया कि टीबी मुक्त पंचायत के लिए 292 ग्राम पंचायतों का चयन कर टीबी मुक्त ग्राम घोषित किया गया है। यह आंकड़ा राज्य में सर्वाधिक है। स्वास्थ्य के क्षेत्र में सिकल सेल जांच अभियान में 366801 सिकल सेल परीक्षण किए गए है। जिसमें से 539 मरीजों को दिव्यांग प्रमाण पत्र जारी किए गए है यह भी राज्य में सर्वाधिक है। किशोरी एवं महिलाओं का लगातार एनीमिया जांच किया जा रहा है। जिले में स्वयं के भवन पर 1699 आंगनबाड़ी केन्द्र संचालित है। इन आंगनबाड़ी केंद्रों में शत प्रतिशत विद्युतीकरण और गर्मी से बचने के लिए पंखा और कूलर की व्यवस्था की गई है। साथ ही समस्त आंगनबाड़ी केंद्रों में गैस व चूल्हा से खाना पकाया जाता है। मरीजों को रिपोर्ट सीधे उनके मोबाईल नंबर के माध्यम से भेजा जा रहा है। प्रतिदिन 200-250 ई-लैब रिपोर्ट मरीजों तक पहुंचाया जा रहा है। इसके अलावा जिले के सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में ब्लड स्टोरेज की सुविधा उपलब्ध है। इसके अलावा अन्य सूचकांक के संदर्भ में भी चर्चा की गई।

### बाइक की टक्कर से दो घायल

**महासमुंद।** भंवरपुर चौकी अंतर्गत ग्राम रूपापाली में एक बाइक चालक ने दो लोगों को टक्कर मारकर घायल कर दिया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ जुर्म दर्ज कर विवेचना में लिया है। पुलिस ने बताया कि रामलाल सिदार पिता रमानु सिदार (35 साल) निवासी ग्राम कांदाडोंगर ने रिपोर्ट लिखाई है कि 8 जून को रात्रि करीबन 9.30 बजे मेरे बडे भैया श्यामलाल सिदार अपने साथी पुष्पधर बरिहा एवं गांव के योगेश सिदार के साथ क्रिकेट देखने घर से पैदल रूपापाली जा रहे थे। तभी रूपापाली पंचर दुकान के पास मोटर सायकल सीजी06जीएफ 5090 के चालक ने तेज रफ्तार एवं लापरवाहीपूर्वक चलाते पीछे से टक्कर मारकर एक्सीडेंट कर दिया। इस घटना में श्यामलाल एवं पुष्पधर घायल हो गए। पुलिस ने रिपोर्ट पर आरोपी बाइक चालक के खिलाफ धारा 279, 337 के तहत जुर्म दर्ज किया है।

पाठक सूचना

महासमुंद जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

9981131365, 9098324969

## खबर संक्षेप



### मुख्यमंत्री साय से सांसद कश्यप ने की मुलाकात

रायपुर। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय से यहां उनके निवास कार्यालय में बस्तर लोकसभा क्षेत्र से नवनिर्वाचित सांसद महेश कश्यप ने सौजन्य मुलाकात की। उन्होंने मुख्यमंत्री को उपहार स्वरूप काष्ठ शिल्प से निर्मित भगवान श्री राम की मूर्ति भेंट की। मुख्यमंत्री ने श्री कश्यप को लोकसभा सांसद निर्वाचित होने पर बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

### मनसुख सहित अनेक केंद्रीय मंत्रियों से मिले अशोक बजाज



रायपुर। भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं रायपुर लोकसभा के चुनाव संयोजक अशोक बजाज ने बुधवार को केंद्रीय श्रम एवं रोजगार मंत्री मनसुख मांडविया, केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा यादव एवं सड़क परिवहन एवं राजमार्ग राज्य मंत्री हर्ष मल्होत्रा से उनके सरकारी आवास में मुलाकात की। साथ ही तीसरी बार मोदी सरकार के गठन एवं नई सरकार में महत्वपूर्ण जिम्मेदारी मिलने पर बधाई दी।

### पार्षद अनवर हुसैन को शोकॉज नोटिस, 7 दिन में मांगा जवाब

रायपुर। हवलदार अब्दुल हमीद वार्ड के कांग्रेसी पार्षद अनवर हुसैन को शहर जिला कांग्रेस कमेटी ने गांधी सदन में एमआईसी बैठक के दिन गेट के बाहर अर्ध नग्न प्रदर्शन करने पर शोकॉज नोटिस जारी किया है। उन पर अनुशासन हीनता बरतने के लिए 7 दिन के अंदर नोटिस का जवाब मांगा है। नगर निगम जोन 2 के मौदहापारा इलाके में पानी की समस्या को लेकर वार्ड पार्षद अनवर हुसैन ने अपनी ही पार्टी के महापौर के खिलाफ मोर्चा खोलते हुए विरोध जताया। निगम मुख्यालय में एमआईसी बैठक के दिन गेट के बाहर अर्ध नग्न होकर धरने पर बैठे कांग्रेसी पार्षद ने वार्ड की समस्या को लेकर ध्यान आकर्षित कराया। महापौर एजाज ढेबर की मौखिक शिकायत पर शहर जिला कांग्रेस कमेटी के प्रदेश महामंत्री मलकीत सिंह और शहर अध्यक्ष गिरीश दुबे के निर्देश पर 7 दिन में नोटिस का जवाब मांगा गया है।

### नीट में भ्रष्टाचार दोषियों को कड़ी सजा मिले : सपा

रायपुर। नीट-यूजी में हुए भ्रष्टाचार मामले को लेकर समाजवादी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष नवीन गुप्ता ने कड़ा विरोध जताया है और कहा कि नीट-यूजी जैसे बड़े स्तर के पेपर में इस तरह की भ्रष्टाचार करना बच्चों की भविष्य के साथ खिलवाड़ करना है।



वहीं एनटीए ने कुछ छात्रों को ग्रेस मॉर्क्स देने का आधार बनाया वह अस्पष्ट और मनमाना है। उन्होंने आगे कहा कि सरकार के लापरवाह रवैये और परीक्षा की पूरी व्यवस्था धवस्त होने जा रही है और इसके शिकार निर्दोष छात्र हो रहे हैं इस परे मामले की न्यायिक जांच की जाएं और इसमें शामिल सभी लोगों को कड़ी सजा दिया जाए।

### गरीबों के हित में मोदी सरकार के निर्णय का स्वागत

रायपुर। जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ जे के मुख्य प्रवक्ता अधिवक्ता भगवानू नायक ने मोदी मंत्रीमंडल की पहली बैठक में पात्र परिवारों की संख्या में वृद्धि से उत्पन्न आवास आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए 3 करोड़ अतिरिक्त ग्रामीण और शहरी परिवारों को मकान निर्माण के निर्णय का स्वागत करते हुए कहा इस योजना से देश के गरीबों को फायदा मिलेगा। उन्होंने कहा प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण के तहत 3 करोड़ अतिरिक्त घरों को मंजूरी से पीएमएवाय के तहत बनाए जाने वाले सभी घरों में केंद्र सरकार और राज्य सरकारों की अन्य योजनाओं के साथ एमेनिटीज के जरिए घरेलू शौचालय, एलपीजी कनेक्शन, बिजली कनेक्शन, फंक्शनल घरेलू नल कनेक्शन आदि जैसी अन्य बुनियादी सुविधाएं भी प्रदान की जाती हैं जो गरीबों के हित है।

# ड्राइवर का ध्यान भटकाने वाले होर्डिंग्स हटाएं : सुप्रीम कोर्ट रोड सेफ्टी कमेटी का आदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

सुप्रीम कोर्ट कमेटी ऑन रोड सेफ्टी ने आदेश दिया है कि कि शहरी सड़कों पर खुले क्षेत्र में राष्ट्रीय व राजमार्गों पर लगे ऐसे होर्डिंग्स हटाए जाएं जो सड़क उपयोगकर्ताओं के लिए दृष्टि दूरी को अस्पष्ट करते हैं और ड्रायवरों का ध्यान भटकाते हैं। इसीलिए सभी शहरी, स्थानीय निकाय और सड़क सुरक्षा एजेंसियां दृष्टि दूरी में बाधा डालने वाले होर्डिंग्स की पहचान करने के लिए निरीक्षण करेंगी और उन्हें तत्काल हटाने की व्यवस्था करेंगी।

सुप्रीम कोर्ट कमेटी ऑन रोड सेफ्टी के इस आदेश के बाद राज्य सरकार के संचालनालय नगरीय प्रशासन एवं विकास ने प्रदेश के सभी नगर निगम आयुक्त, सभी मुख्य नगर पालिका अधिकारी, नगर पालिका परिषद और नगर पंचायत को इससे अवगत कराते हुए तत्काल आवश्यक कार्यवाही करने कहा है।

## सड़क पर पैदल चलने वालों को दें सुविधा, सभी निगम आयुक्त, सीएमओ को निर्देश



### पैदल यात्रियों को हो सुविधा

यह निर्देश भी साफ तौर पर दिया गया है कि जंक्शनों पर अधिकांश पैदल यात्री क्रॉसिंगो में खराब सड़क चिन्ह, पंहुच, अर्प्याप्त दृष्टि दूरी, पार्किंग, अवरूद्ध होने की स्थिति दिखाई देती है। इस शहरी स्थानीय निकाय शहर के सभी पैदल यात्री क्रॉसिंग का गहन ऑडिट करेंगे और उसमें सुधार करेंगे। सुरक्षित पैदल यात्री आवाजाही की सुविधा प्रदान करनी होगी। स्थानीय शहरी निकायों से ये भी कहा गया है कि वे अधिसूचित स्ट्रीट वेंडिंग पॉलिसी का सख्ती से पालन करेंगे। सड़क सुरक्षा को प्रभावित करने वाली नीति और अतिक्रमण को प्राथमिकता के साथ तुरंत हटाया जाए। नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग के संचालक ने सभी निगम आयुक्तों, पालिकाओं और नगर पंचायतों के सीएमओ से कहा है कि वे इन निर्देशों पर आवश्यक कार्यवाही करें।

### मुख्य सड़कों पर हो फुटपाथ और पैदल यात्री क्रॉसिंग

सुप्रीम कोर्ट कमेटी ऑन रोड सेफ्टी ने ये भी कहा है कि सभी शहरी स्थानीय निकाय आईआरसी (इंडियन रोड सेफ्टी) आवश्यकताओं के अनुसार शहर की सभी सड़कों पर फुटपाथ का प्रावधान और सभी जंक्शनों और मध्य ब्लॉकों पर पैदल यात्री क्रॉसिंग का प्रावधन आवश्यकता अनुसार करें। शहरी निकायों और नगर पालिकाओं को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि फुटपाथ पर किसी भी तरह की बाधा न हो। अतिक्रमण से मुक्त हों। आईआरसी मानक के अनुसार प्र्याप्त चौड़ाई और उंचाई होनी चाहिए, साथ ही पक्की भी होनी चाहिए।

## उपकर की राशि 30 दिनों में जमा करने का है आदेश

# नगरीय निकायों के निर्माण, अनुज्ञा स्वीकृति का उपकर काट लिया, लेकिन राशि जमा नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ के नगरीय निकायों ने अपने-अपने क्षेत्र में बनने वाले आवास, व्यावसायिक परिसर निर्माण, आवासीय कॉलोनी के लिए भवन अनुज्ञा स्वीकृति के लिए कुल निर्माण लागत का 1 प्रतिशत उपकर काट तो लिया, लेकिन इस राशि को जमा नहीं कराया गया है। इस मामले को लेकर अब प्रदेश के सभी नगर निगम आयुक्तों, सभी मुख्य नगर पालिका अधिकारी नगर पालिका परिषद और नगर पंचायतों से कहा गया है कि वे सात दिनों के भीतर ये राशि जमा कराएं नहीं तो उनसे दो प्रतिशत प्रतिशत की दर से ब्याज वसूला जाएगा।

- अब सात दिनों में राशि जमा कराने कहा गया है

संचालनालय नगरीय प्रशासन एवं विकास के संचालक ने इस संबंध में निर्देश जारी किया है। दरअसल मामला ये है कि नगरीय निकायों के क्षेत्र में बनने वाले आवास, व्यावसायिक परिसर निर्माण, आवासीय कॉलोनी के लिए भवन अनुज्ञा स्वीकृति के लिए कुल निर्माण लागत का 1 प्रतिशत उपकर काटे जाने का प्रावधान है। यह राशि भवन एवं सन्निर्माण कर्मकार कल्याण उपकर के रूप में श्रम विभाग में जमा करने का प्रावधान है।

## देना पड़ेगा ब्याज



### 31 मार्च तक जमा करनी थी राशि

प्रदेश के सभी नगरीय निकायों को 14 मार्च को ही इस संबंध में निर्देश दिए गए थे कि उपकर जमा करने के लिए काटी गई राशि 31 मार्च तक श्रम विभाग के ऑनलाईन पोर्टल के माध्यम से जमा कराई जाए, लेकिन नगरीय निकायों ने इस निर्देश का पालन नहीं किया। इसके बाद भवन एवं सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मंडल के सचिव ने 10 मई को नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग को पत्र जारी कर बताया कि निकायों ने यह राशि जमा नहीं की है।

### सात दिन में नहीं जमा की राशि तो लगेगा ब्याज

इस मामले को गंभीरता से लेते हुए अब नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग के संचालक ने सभी नगरीय निकायों के प्रमुखों से कहा है कि पहले ही निर्देश था कि उपकर की राशि काटने के बाद उसे 30 दिनों के भीतर जमा कराया जाए, लेकिन इसके बाद भी राशि जमा नहीं की गई है। अब निकायों से कहा गया है कि वे मंडल के ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से 7 दिनों यह राशि जमा कराएं। अगर ये राशि जमा नहीं की गई तो प्रत्येक माह 2 प्रतिशत की दर से ब्याज जमा करना होगा। जिसके लिए उपकर कटौतीकर्ता स्वयं उत्तरदायी होंगे।

# यात्रा भत्ता बिल के साथ मांगा जा रहा जियो टेग और फास्ट टैग कटौती का प्रमाण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



प्रदेश के निर्माण विभागों में अभियंताओं के दौरे और निरीक्षण का यात्रा भत्ता देयक तैयार करने कई तरह की आपत्तियां लगाई जा रही हैं। ऐसे में कहा जा रहा है कि प्रदेश सरकार का उन सभी बिलों के भुगतान से पहले यह सुनिश्चित करने का प्रयास हो रहा है कि वह सही है कि नहीं। पुराने नियम के मुताबिक सक्षम अधिकारी के अनुमोदन के आधार पर इसका भुगतान किए जाने का प्रावधान है।

अब इन देयकों को पारित करने नई आपत्ति लगाई जा रही हैं। इनमें जिस स्थल का निरीक्षण किया गया, उसका जियो टेगिंग और एनएच से निजी गाड़ी से जाने पर फास्ट टैग का बिल भी मांगा जा रहा है। बताया जाता है कि शासकीय दौरे में जिन कर्मचारियों को यात्रा भत्ता देयक की पात्रता होती है, उन्हें यात्रा के संबंध में सक्षम अधिकारी का अनुमोदन होने के अलावा वहां पर निरीक्षण के दौरान प्रतिवेदन देखकर भुगतान के आदेश दिए जाते हैं। संपरीक्षक द्वारा ऐसे मामलों को रोके जाने के नए तरीके निकाले जा रहे हैं। इनमें यात्रा का रूट चार्ट से लेकर अन्य मामलों को जोड़कर आपत्ति लगाई जा रही है। वित्त के अधिकारियों ने बताया कि नियमानुसार सक्षम अधिकारी का अनुमोदन होने के बाद इस तरह के भत्ते के देयक को रोके जाने का कोई आधार नहीं बनता।

शासकीय विभागों में कर्मचारियों को कई तरह के भत्ते मिलते हैं। उनके भुगतान के लिए काफी समय लगता है। संपरीक्षक द्वारा ऐसे बिलों को पास करने पर आपत्ति के कारण काफी समय के बाद भी भत्तों का भुगतान नहीं होता।

### बिलों पर आपत्ति के दिए गए ये कारण

ऐसा ही एक मामला मंडी बोर्ड के अधिकारियों का सामने आया है, जिसमें उप अभियंता, सहायक अभियंता, मंडी सचिव और वरिष्ठ अंकेक्षक द्वारा वित्तीय वर्ष 2017-18 और 2018-19 के यात्रा देयक भत्ते में संपरीक्षक की ओर से लगाया गया है। यहां पर उक्त अधिकारियों के 1 लाख 91 हजार से अधिक के बिल में यह आपत्ति लगाई गई है कि उसमें निर्माण कार्यों का निरीक्षण का प्रतिवेदन, यात्रा के दौरान लॉग बुक का रूटचार्ट, राष्ट्रीय राजमार्ग में यात्रा किए जाने संबंधी फास्ट टैग चुकाने का डे कटौती की स्थिति, यात्रा के प्रमाण के रूप में जिओ टैग और निर्माण के प्रगति की जानकारी न होने की जानकारी देते हुए आपत्ति लगाई गई है।

## बलौदाबाजार की घटना भाजपा सरकार की लापरवाही और नाकामी का परिणाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा, भाजपा सरकार की लापरवाही और नाकामी का परिणाम है



बलौदाबाजार की घटना। घटना की नैतिक जिम्मेदारी लेकर गृहमंत्री विजय शर्मा अपने पद से इस्तीफा दें। इस्तीफा नहीं देते तो मुख्यमंत्री, गृहमंत्री को बर्खास्त करें। देश के इतिहास में ऐसा पहली बार हुआ है, कलेक्टर और एसपी के कार्यालय को एक साथ जला दिया गया। यह घटना राज्य के कानून व्यवस्था पर सवाल खड़ा करती है। उन्होंने कहा, यह घटना सरकार के इंटेलीजेंस फेलियर का परिणाम है। समाज ने प्रदर्शन के लिये अनुमति ली थी। सरकार को जानकारी थी, फिर भी सावधानी क्यों नहीं बरती गयी? सतनामी समाज द्वारा सोशल मीडिया के माध्यम से लोगों को बलौदाबाजार पहुंचने की अपील की गयी थी। बड़ी संख्या में लोग आयेंगे इसका भी अनुमान था, फिर प्रशासन ने लापरवाही क्यों बरती? उन्होंने कहा, साय सरकार की अकर्मण्यता के चलते ही बलौदाबाजार में कानून व्यवस्था बिगड़ी है। यदि समय रहते जैतखाम को क्षति पहुंचाने वालों पर कार्रवाई की गई होती और समाज से संवाद किया गया होता, तो ऐसी अप्रिय स्थिति निर्मित नहीं होती। यहां की स्थिति को समय पर हल नहीं करने के कारण इस पूरे मामले के लिये दोषी साय सरकार है। इस घटना की जिम्मेदारी तय होनी चाहिये।

- कांग्रेस अध्यक्ष बैज ने गृहमंत्री से इस्तीफे की मांग की

## जमीन संबंधी विवादों में जियो रिफ्रेंसिंग तकनीक के उपयोग को मंजूरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ सरकार ने भूमि संबंधी विवादों को दूर करने के लिए जिओ रिफ्रेंसिंग तकनीक के उपयोग की मंजूरी दे दी है। अब भूमि चिन्हांकन के लिए इस नई तकनीक का उपयोग किया जाएगा, जिससे छोटी-छोटी भूमि का वास्तविक चिन्हांकन करना आसान होगा। इससे प्रदेश में होने वाले जमीन विवादों को सुलझाने में सरकार को बड़ी मदद मिलेगी। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने सोशल मीडिया एक्स पर पोस्ट कर इसकी जानकारी दी है। उन्होंने लिखा, छत्तीसगढ़ में भूमि संबंधी विवादों को दूर करने के लिए हमारी सरकार नई तकनीक का इस्तेमाल करने जा रही है। जिओ रिफ्रेंसिंग तकनीक के उपयोग को मंजूरी दे दी गई है, साथ ही राजस्व प्रशासन को सुदृढ़ करने के लिए बजट में 150 करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया है।

- मुख्यमंत्री ने दी सोशल मीडिया के माध्यम से जानकारी

### तहसीलदार एवं नायब तहसीलदार के नवीन पद स्वीकृत

उन्होंने कहा, जिओ रिफ्रेंसिंग तकनीक के माध्यम से छोटी से छोटी भूमि का वास्तविक चिन्हांकन करना आसान होगा। इससे जमीन संबंधी विवादों को हल करने में मदद मिलेगी। जिओ रिफ्रेंसिंग के काम को व्यवस्थित ढंग से संचालित करने के लिए हमारी सरकार तहसीलदार एवं नायब तहसीलदार के नवीन पदों का भी सृजन करने जा रही है।

## साय ने कहा- महतारी वंदन की तरह ओडिशा में सुभद्रा योजना का लाभ भाजपा को मिला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



हरिभूमि न्यूजः रायपुर। ओडिशा में भाजपा की बड़ी जीत पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा, ओडिशा में हुए विधानसभा चुनाव में भाजपा 78 सीटों के साथ पूर्ण बहुमत हासिल कर सत्ता में आई है। जिस तरह छत्तीसगढ़ विधानसभा 2023 में बीजेपी को महतारी वंदन योजना का लाभ मिला, उसी तरह ओडिशा में भी भाजपा को सुभद्रा योजना का लाभ मिला है। भाजपा जो कहती है, उसे पूरा करती है। ओडिशा के नए मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी के शपथ ग्रहण समारोह में शामिल होने के लिए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने रवाना होने से पहले रायपुर एयरपोर्ट पर संवाददाताओं चर्चा के दौरान बताया कि मेरे साथ सांसद बृजमोहन अग्रवाल, उप मुख्यमंत्री अरुण साव और विधायक पुरंदर मिश्रा भी ओडिशा जा रहे हैं। छत्तीसगढ़ के नेताओं और मंत्रियों का सहयोग ओडिशा के चुनाव में रहा है। ओडिशा की जनता ने हमारे प्रधानमंत्री पर और मोदी की गारंटी पर विश्वास किया है। पहली बार ओडिशा में भाजपा की स्पष्ट बहुमत में सरकार बनी है।

### वहां का चुनावी घोषणापत्र छत्तीसगढ़ की तरह

छत्तीसगढ़ की महतारी वंदन योजना की तरह ओडिशा में भी पार्टी को सुभद्रा योजना का लाभ चुनाव में मिला, इस सवाल पर उन्होंने कहा, बिल्कुल ओडिशा में भी जो वहां का चुनावी घोषणापत्र है. वह छत्तीसगढ़ की तरह है। हमने 100 दिन में छत्तीसगढ़ में जो काम किया, उसका असर ओडिशा पर भी दिखा है। भाजपा जो कहती है, उसे पूरा करती है।

## वार्डों के परिसीमन के दौरान ब्लॉक दो वार्डों में न बंटें- नया आदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ में नवंबर दिसंबर में होने वाले नगर निगमों के चुनाव के लिए नए सिरे से वार्डों का परिसीमन करने का आदेश जारी करने के बाद राज्य सरकार ने इस संबंध में एक नया अतिरिक्त निर्देश जारी किया है। अब कहा गया है कि जनगणना वर्ष 2011 कार्य के लिए जो गणना ब्लॉक बनाए गए थे, यथा संभव यह गणना ब्लॉक पूरी तरह से एक ही वार्ड में शामिल रहे, किन्ही भी परिस्थितियों में गणना ब्लॉक दो या अधिक वार्डों में विभाजित न हो।



इस संबंध में नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग ने प्रदेश के सभी कलेक्टरों को एक और आदेश बुधवार को जारी किया है। इसमें कहा गया है कि आगामी जनगणना का कार्य जनगणना 2011 के गणना ब्लॉकों के आधार पर किया जाना है। यह भी कहा गया है कि गणना ब्लॉक विभाजित हो जाने से जनगणना वर्ष 2011 के अनुसार अनुसूचित जाति, जनजाति, की जनसंख्या के आंकड़े गणना ब्लॉकवार उपलब्ध नहीं हो सकेंगे। निर्देश दिया गया है कि वार्डों के परिसीमन के दौरान इन निर्देशों का कड़ाई से पालन किया जाए। एक दिन पहले सरकार द्वारा जारी सभी नगरीय निकायों का परिसीमन करने के लिए जारी निर्देश में कहा गया था प्रस्तावित वार्ड के चारों दिशाओं की सीमा, मानचित्र शामिल होगा। इसमें प्रत्येक वार्ड की चारों दिशाओं को इस प्रकार दिखाया जाएगा कि वार्ड की सीमा स्पष्ट रूप से अलग-अलग दिखाई दे। जनसंख्या संबंधी पत्रक जिसमें पिछली जनगणना के प्रकाशित आंकड़ों के अनुसार नगर पालिका क्षेत्र की कुल जनसंख्या, अनुसूचित जाति, जनजाति, की कुल जनसंख्या, राज्य सरकार द्वारा संबंधित नगर पालिका क्षेत्र के लिए अवधारित वार्डों की कुल संख्या तथा इसके आधार पर हर वार्ड की औसत जनसंख्या शामिल होगी।

## राहुल की राह पर छग के कांग्रेसी हार की जिम्मेदारी लेने तैयार नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश महामंत्री संजय श्रीवास्तव ने इस बात पर आश्चर्य जताया है कि विधानसभा के बाद प्रदेश की लोकसभा सीटों पर करारी हार के बाद भी कांग्रेस में हार की जिम्मेदारी लेने के लिए कोई तैयार नहीं है। सब आपसी जुबानी जंग में लगे हैं या फिर हार से बौखलाए कांग्रेस नेता स्तरहीन बयानबाजी कर अपने दीवालिएपन का प्रदर्शन कर रहे हैं। उन्होंने कहा, कांग्रेस के भीतर अब लगातार हार की समीक्षा के लिए बैठक बुलाने की मांग जोर पकड़ रही है, लेकिन कांग्रेस नेता सिर्फ हवा-हवाई बयानबाजी करके अपनी बची-खुची सियासी साख बचाने में लगे हैं।



उन्होंने कहा, कांग्रेस की राजनीतिक संस्कृति ही यही रही है कि ऊपर से लेकर नीचे तक कोई नेता जीत को पचा नहीं पाता और हार के लिए खुद को जिम्मेदार नहीं मानता। कांग्रेस में राहुल गांधी से लेकर छत्तीसगढ़ में भूपेश बघेल तक यही कर रहे हैं। तीन-तीन लोकसभा चुनाव में अपने नेतृत्व में कांग्रेस के लगातार दयनीय प्रदर्शन के बाद भी राहुल गांधी अहंकार और खुशफहमी में जी रहे हैं। उन्होंने कहा, राहुल गांधी पहले यह तो बताएं कि जब जीत जाने का इतना भरोसा था, तो सोनिया गांधी रायबरेली सीट छोड़कर राजस्थान के रास्ते राज्यसभा में क्यों गईं? और, अपनी ही अमेठी सीट छोड़कर राहुल गांधी ने दो बार केरल की वायनाड सीट क्यों चुनी?

## रविवि को इस माह मिलेगा नया कुलसचिव, हटाए जाएंगे डॉ.पटेल

रायपुर। पं.रविशंकर शुक्ल विवि को शीघ्र ही नया कुलसचिव मिल सकता है। वर्तमान कुलसचिव डॉ.शैलेंद्र को उनके पद से हटाया जाएगा। न्यायालय के आदेश के बाद से ही इस संदर्भ में चर्चाएं चल रही थी। अंदरुनी सूत्रों के अनुसार, आचार संहिता हटते ही इस दिशा में कार्रवाई तेज कर दी गई है। कुलसचिव पद के लिए तीन नामों का पैनल बनाया गया है। पैनल में शामिल इन तीन नामों में से ही किसी एक पर कुछ दिनों के अंतराल में मुहर लगेगी। सूत्रों के अनुसार, वर्तमान कुलसचिव डॉ.शैलेंद्र पटेल को उच्च शिक्षा विभाग संचालनालय में भेजा जा सकता है।

**इन नामों की चर्चा :** जिन तीन नामों की चर्चा हो रही है, उनमें सभी प्राध्यापक हैं। इनमें डॉ.लालवानी और डॉ.गुप्ता के नाम शामिल हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार, रविवि के पूर्व कुलसचिव डॉ.गिरिशकांत पांडेय का नाम भी इस सूची में है। आचार संहिता लागू होने के पूर्व ही से डॉ.शैलेंद्र पटेल को हटाए जाने की तैयारी प्रारंभ की जा चुकी थी। संहिता के कारण उनकी सेवाएं जारी रखी गईं। चुनाव संपन्न होने के बाद अब रविवि में नई नियुक्ति की तैयारी है। मौजूदा माह में यह पदास्थापना हो जाएगी।

## प्रशासनिक कसावट लाने मुख्यमंत्री साय आज से करेंगे विभागीय समीक्षा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय प्रशासनिक काम-काज में कसावट लाने के लिए विभिन्न विभागों की समीक्षा बैठकों का सिलसिला गुरुवार से शुरू कर रहे हैं। बैठकों में आम जनता से जुड़ी योजनाओं की गहन समीक्षा की जाएगी। गौरतलब है कि लोकसभा चुनाव की आचार संहिता के कारण पिछले तीन माह से प्रशासनिक काम-काज की गति कुछ धीमी हो गई थी।

मुख्यमंत्री विभागों की समीक्षा कर काम-काज में गति लाने और योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के संबंध में विभागीय सचिवों और अधिकारियों को आवश्यक निर्देश देंगे। मुख्यमंत्री गुरुवार को अपने निवास कार्यालय में दोपहर 1 बजे से कृषि एवं उद्यानिकी विभाग तथा अपरान्ह 3 बजे से पशुधन विकास, मत्स्य पालन और दुग्ध महासंघ के काम-काज की समीक्षा करेंगे। संबंधित विभागों के सचिवों को विभागीय गतिविधियों और संचालित योजनाओं की अद्यतन जानकारी के साथ बैठक में उपस्थित होने के निर्देश दिए गए हैं। बैठक में खरीफ फसलों की तैयारी, खाद-बीज के भण्डारण, वितरण, विभागीय योजनाओं की समीक्षा करेंगे। स्वास्थ्य एवं अन्य विभागों की समीक्षा कल मुख्यमंत्री 14 जून को मंत्रालय में पूर्वान्ह 11.30 बजे स्वास्थ्य सेवाएं तथा अपरान्ह 3 बजे चिकित्सा शिक्षा, खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग की समीक्षा करेंगे। स्वास्थ्य विभाग की बैठक में आयुष्मान भारत सहित आम जनता को त्वरित चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने के लिए संचालित योजनाओं की समीक्षा होगी।



### 15 को गृह एवं पीएचई की समीक्षा

इसी क्रम में मुख्यमंत्री 15 जून को अपने निवास कार्यालय में पूर्वान्ह 11.30 बजे लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग तथा अपरान्ह 2 बजे गृह एवं जेल विभाग की समीक्षा करेंगे। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग की समीक्षा के दौरान जल जीवन मिशन के कार्यों की भी समीक्षा की जाएगी।

## खबर संक्षेप

### पुरस्कारों के लिए आवेदन 30 जून तक

**धमतरी।** छत्तीसगढ शासन, खेल एवं युवा कल्याण विभाग भाग द्वारा हर साल खिलाड़ियों, प्रशिक्षकों, निर्णायकों को खेल पुरस्कार प्रदान कर राज्य खेल अलंकरण से सम्मानित किया जाता है। ये पुरस्कार राज्य के लिए उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों, प्रशिक्षकों और निर्णायकों को प्रदान किये जाते हैं। जिला खेल अधिकारी ने बताया कि पुरस्कारों के लिए आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 30 जून है। आवेदन पत्रों का प्रारूप विभाग की वेबसाइट स्पोर्टसवायडब्ल्यू डाट सीजी डाट इन पर उपलब्ध है।

### वेदप्रकाश को मिली अनुकम्पा नियुक्ति

**धमतरी।** कलेक्टर नम्रता गांधी ने बरपारा, दानीटोला वार्ड धमतरी के वेदप्रकाश यादव को भू-अभिलेख शाखा में चैनमेन के पद पर अनुकम्पा नियुक्ति प्रदान की है। वेदप्रकाश को पुनरीक्षित वेतन संरचना वेतन मैट्रिक्स लेवल-1 में मूल वेतन 15,600 रूपये (15600-49400) प्रतिमाह एवं छत्तीसगढ़ शासन द्वारा समय-समय पर स्वीकृत महंगाई भत्ते की दर पर अनुकम्पा नियुक्ति प्रदान करते हुए कार्यभार ग्रहण करने के तीन वर्ष की परिवीक्षा अवधि में आगामी आदेश पर्यन्त अस्थाई रूप से पदस्थ किया गया है।

### आकाशीय बिजली गिरने से किसान की मौत

**मगरलोड।** मगरलोड थाना अंतर्गत ग्राम सरगी में आकाशीय बिजली गिरने से किसान की मौत हो गई। थाना से मिली जानकारी अनुसार 11 जून मंगलवार को सरगी निवासी गोपी यादव पिता स्व. कार्तिक यादव उम्र 40 वर्ष खेत की जुताई करवाकर वहां काम कर रहा था। शाम करीबन 6.30 बजे बिजली कड़कने एवं बारिश होने से गोपी खेत की मेड़ में लगे बेहरा पेड़ के नीचे आ गया तभी आकाशीय बिजली बेहरा पेड़ पर गिरी। इसकी चपेट में गोपी आ गया। मौके पर ही उसकी मौत हो गई।

# एमबीबीएस थर्ड ईयर स्टूडेंट को दिया गया मानसिक स्वास्थ्य का प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महासमुंद

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अंतर्गत राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत डॉ यास्मिन खान डीन जीएमसीएच महासमुंद, डॉ पी कुदेशिया सीएमएचओ एवं डॉ बसंत माहेश्वरी उपसंचालक व अस्पताल अधीक्षक व डॉ सीपी चंद्राकर नोडल अधिकारी मानसिक स्वास्थ्य, नीलू घृतलहरे डीपीएम के समन्वय से स्पर्श क्लीनिक ओपीडी में एक सप्ताह जीएमसीएच, एमबीबीएस थर्ड ईयर स्टूडेंट क्रो मानसिक स्वास्थ्य का प्रशिक्षण दिया गया। जिसमें कॉमन मेंटल डिसऑर्डर व सिवियर मेंटल जैसे



न्यूरोसीस, साइकोसिस, डिप्रेशन ऐंजायटी, सिजोफ्रीनिया, बाईपोलर डिसऑर्डर, फोबिया, डाउन सेनड्रॉम, ड्रग एब्यूज, पीटीएसड़ी आदि डिसऑर्डर व सुइसाइड प्रिवेसन, स्ट्रेस मैनेजमेंट, लाइफ स्कील ट्रेनिंग के बारे में प्रशिक्षण दिया गया। जिसमें एमबीबीएस थर्ड ईयर के स्टूडेंट शामिल हुए। इसमें धनंजय, भागवत सिंघ, दिशांक गर्वर, भास्कर कोमरे, बिशवा बिकास, वियास नारायण कोसले, चंचल पवार, चंद्रहास चंद्राकर, छोटेलाल, दीपक कमार, दीपक नाइक, देवप्रकाश सिंघ, देवेश कुमार साहू, धनंजय, दिशांक गरवा, दिव्यांशु साहू, एकता ध्रुव, इमिलीना, गणेश पैकरा, गौरी शर्मा, हर्षिता चौधरी, हिमांशी साहू, हितेश वर्मा, जय शर्मा, डाली गुप्ता, जय शर्मा, जस आदित्य झा शामिल हुए। इस प्रशिक्षण में राम गोपाल खूंटे साइकेट्रिक सोशल वर्कर, टिकेश्वरी गोस्वामी सीपी, टेकलाल नायक मानिटरिंग, जिज्ञासा चंद्राकर मनोवैज्ञानिक ट्रेनी, जाग्रति साहू स्टॉफ नर्स, देवकुमार डडसेना योग ट्रेनर, गौतम यादव केस रजिस्ट्री असिस्टेंट आदि का सहयोग रहा।

# नियम हुए टाइट, कार्रवाई भी धुआंधार



हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

रेत निकासी के नियम को टाइट करते हुए खनिज विभाग ने धुआंधार कार्रवाई शुरू कर दी है। इससे रेत के कारोबारियों की समस्या बढ़ गई है। रेत डंप करने के लिए अब जमीन का डायवर्सन भी मांगा जा रहा है। बिना डायवर्सन के रेत डंप की अनुमति नहीं दी जा रही है।

- **शहर में रेत की डिमांड बढ़ी, सप्लाई हुई कमजोर**

इस साल बारिश के सीजन में रेत की किल्लत होने की आशंका है। बारिश का मौसम शुरू हो चुका है। दो दिन बाद खदानों से रेत की निकासी पर कानूनी रूप से प्रतिबंध लगा दिया जाएगा। उधर अंचल में अभी भी बड़ी संख्या में निर्माण चल रहे हैं। ऐसे में रेत की डिमांड पहले से कई गुना बढ़ गई है। स्थिति यह है कि सप्लायर दिन भर गाड़ी दौड़ाने के बाद भी डिमांड के अनुसार रेत की सप्लाई नहीं कर पा रहे हैं। इससे रेत के दाम भी बढ़ गए हैं। शहर में ही रेत प्रति टेक्टर ट्राली 1400 से 1500 रुपए तक बिक रही है। शहर के आसपास के इलाकों में रेट और भी ज्यादा है।

### हो सकती है किल्लत

हर साल बारिश में नदी से रेत का उत्खनन बंद किया जाता है। रेत की आपूर्ति जारी रखने के लिए व्यवसायियों को डंपिंग की अनुमति दी जाती है। इस साल डंपिंग के नियम टाइट कर दिए गए हैं। नए डंपिंग पाइंट के लिए जमीन का व्यवसायिक डायवर्सन मांगा जा रहा है। वहीं पुराने डंपिंग पाइंट वालों को जमीन के डायवर्सन के लिए आवेदन करने की सलाह दी जा रही है। उल्लेखनीय है कि अधिकांश डंपिंग पाइंट खेत-खलिहानों में होते हैं। ऐसे में डायवर्सन उनके लिए बड़ी समस्या है। कई डंपिंग पाइंट तो डायवर्सन के कारण ही स्वीकृत नहीं हो पा रहे हैं। ऐसे में इस बार रेत की किल्लत होने की आशंका है।

### कार्रवाई भी तेज

राज्य में सत्ता परिवर्तन के बाद से ही रेत के कारोबार में वर्चस्व की लड़ाई शुरू हो गई थी। लोकसभा चुनाव के बाद यह लड़ाई और तेज हो गई है जिसके कारण शिकवा-शिकायतों का दौर भी चल रहा है। लगातार शिकायतों के चलते खनिज विभाग भी लगातार कार्रवाई कर रहा है। इससे रेत की सप्लाई प्रभावित हो रही है।

### श्रीमद भागवत कथा ज्ञान यज्ञ 19 से

धमतरी। मराठापारा निवासी श्रीमती द्रौपदी बाबर, योगेश कविता बाबर, सुदेश मुक्ति बाबर परिवार द्वारा स्व. द्वारका राव बाबर की स्मृति में मराठा मंगल भवन मराठापारा में 19 से 25 जून तक श्रीमद भागवत कथा ज्ञान यज्ञ का आयोजन किया गया है। कथावाचक नारायण महाराज जी श्री राधे निकुंज आश्रम भिलाई दुर्ग होंगे। यज्ञ हवन पूर्णाहुति 25 जून मंगलवार को सुबह 8 बजे होगी। महाप्रसादी 25 जून को दोपहर 1.30 बजे प्रारंभ होगी।

### शिव स्थापना एवं प्राण प्रतिष्ठा 18 से

**धमतरी।** बठेना वार्ड जेल रोड में नवनिर्मित पंचमुखी महादेव मंदिर में शिव स्थापना एवं प्राण-प्रतिष्ठा समारोह का आयोजन 18 से 20 जून तक किया गया है। 18 जून को कलश यात्रा, वेदी पूजन, 19 को अन्नाधिवास, वेदीपूजन, जलाधिवास, फलधिवास, 20 जून को देव प्रतिष्ठा, हवन, पूर्णाहुति होगी। इसके बाद दोपहर 12 बजे से महाप्रसादी का वितरण होगा। आचार्य के रूप में पं. हरिभूषण मिश्रा, उपाचार्य पं. महेंद्र मिश्रा उपस्थित रहेंगे। यजमान परिवार रामप्रसाद सिन्हा, अंजनीबाई ने भक्तों से उपस्थिति का आग्रह किया है।

# नवनिर्वाचित सांसद के प्रथम नगर आगमन पर स्वागत व आभार रैली आज

### गाजे-बाजे व पुष्प वर्षा से जगह-जगह किया जाएगा ऐतिहासिक स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सरायपाली

लोकसभा चुनाव में महासमुंद सीट से भाजपा प्रत्याशी रूपकुमारी चौधरी को मिले ऐतिहासिक जीत से भाजपा जनों की बांछे खिल गई है। करीब डेढ़ लाख वोटों के विशाल अंतर से भाजपा प्रत्याशी रूपकुमारी चौधरी ने अपने निकटम प्रतिद्वंदी एवं कांग्रेस सरकार में पूर्व मंत्री ताम्रध्वज साहू को शिकस्त देकर महासमुंद लोकसभा क्षेत्र से प्रथम महिला सांसद होने का गौरव हासिल किया है। इस उपलब्धि से भाजपा जन उत्साहित परिपूर्ण नजर आ रहे हैं। प्रदेश में भी 11 में 10 लोकसभा सीटों में भाजपा अपना परचम लहराने में कामयाब रही है। इसके बाद जगह-जगह नवनिर्वाचित सांसदों का स्वागत एवं आभार रैली निकल जा रही है। महासमुंद लोकसभा से नवनिर्वाचित सांसद रूप कुमारी



चौधरी के सांसद निर्वाचन उपरांत प्रथम सरायपाली नगर आगमन पर भाजपा जनों द्वारा ऐतिहासिक स्वागत किया जाने की तैयारी की जा रही है। जिसके परिपेक्ष में भाजपाजनों द्वारा स्वागत को लेकर विभिन्न तरह की तैयारी की गई है। वहीं विभिन्न समाज के प्रमुख को अपने सामाजिकजनों के साथ नवनिर्वाचित सांसद रूपकुमारी चौधरी के प्रथम नगर आगमन पर स्वागत की तैयारी में है। भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा के प्रदेश मंत्री कामता प्रसाद पटेल ने बताया कि नवनिर्वाचित सांसद रूपकुमारी चौधरी के प्रथम नगर आगमन को लेकर भाजपा चुनाव द्वारा उनके ऐतिहासिक स्वागत कर मतदाताओं के प्रति आभार व्यक्त किया जाएगा। बजे बाजे गाजे और पुष्प वर्षा नव निर्वाचित सांसद रूप कुमारी चौधरी का स्वागत किया जाएगा। तो वहीं अघरिया समाज, अग्रवाल समाज, जैन समाज, कोलता समाज, ब्राह्मण समाज, आदिवासी समाज सहित अन्य समाज के प्रमुख जनों द्वारा भी उनका स्वागत किया जाएगा। साथ ही भाजपा की जिला व स्थानीय कार्यकारिणी, महिला मंडल एवं भाजामो कार्यकर्ताओं द्वारा भी उनका स्वागत किया जाएगा। नगर पालिका के कार्यकारी अध्यक्ष चंद्र कुमार पटेल एवं उपाध्यक्ष सुशीला गंगाराम पटेल के नेतृत्व में पार्षदों पर नगर जनों द्वारा भी उनका आत्मीय स्वागत किया जाएगा।

स्थानीय जनपद अध्यक्ष कुमारी भास्कर के नेतृत्व में सरपंच सचिव संघ द्वारा भी नवनिर्वाचित सांसद रूप कुमारी चौधरी का स्वागत जनपद कार्यालय के समक्ष किया जाएगा।

# विहिप, बजरंग दल ने फूंका आतंकवादी संगठन का पुतला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

जम्मू कश्मीर में माता वैष्णव देवी कटरा से शिवखेडी दर्शन के लिए निकले हिन्दू श्रद्धालुओं पर आतंकवादियों ने घात लगाकर बस पर अंधाधुंध गोलीबारी कर बस चालक सहित 10 तीर्थयात्रियों की हत्या कर दी। इस घटना से देशभर में आक्रोश है। विहिप, बजरंग दल ने इस घटना की निंदा करते हुए पूरे भारत में आतंकवाद का पुतला फूंका। इसी कड़ी में धमतरी में भी विहिप, बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने शहर में आक्रोश रैली निकालकर गांधी मैदान में आतंकवादी संगठन का पुतला दहन किया। इसके बाद महामहिम राष्ट्रपति के नाम



एसडीएम को ज्ञापन सौंपा। कार्यकर्ताओं ने घटना की निंदा करते हुए कहा कि यह घटना संपूर्ण देशवासियों को स्तब्ध करने वाली है। इस दुष्कृत्य से देश आहत है। जम्मू कश्मीर लंबे समय से आतंकवाद का दंश झेल रहा है। हिन्दुओं को चिन्हित करके उनकी हत्या कर रही है। आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने की जरुरत है। सभी कार्यकर्ताओं ने मृत श्रद्धालुओं को श्रद्धांजलि दी।



## खबर संक्षेप

### महिलाओं को हर महीने दिया जा रहा एक हजार



**महासमुंद।** संवेदना समूह खरोरा के सदस्य मुकेश चंद्राकर ने कहा कि छत्तीसगढ़ राज्य के नए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय द्वारा महतारी वंदन योजना की शुरुआत की गई है। जहां सरकार द्वारा सभी विवाहित महिलाओं को हर महीने 1000 रुपए दिया जा रहा है।

### 16 से 15 अगस्त तक मत्स्याखेट प्रतिबंधित

**महासमुंद।** विगत वर्षों की भांति वर्ष 2024-25 में मछलियों की वंश वृद्धि (प्रजनन) को दृष्टिगत रखते हुए 16 जून से 15 अगस्त 2024 तक मत्स्याखेट प्रतिबंधित रहेगा। सहायक संचालक मछली पालन ने बताया कि वर्षा ऋतु में मछलियों की वंश वृद्धि के लिए उन्हें संरक्षण देने के लिए राज्य में उन सभी तालाबों एवं जल स्त्रोतों में जिनका संबंध नदी नालों से नहीं है, इसके अतिरिक्त जलाशयों में किए जा रहे केज कल्चर को छोड़कर सभी प्रकार के जल संसाधनों में मत्स्याखेट कार्य पूर्णतः प्रतिबंधित किया गया है। इन नियमों का उल्लंघन करने पर छत्तीसगढ़ राज्य मत्स्य क्षेत्र (संशोधित) अधिनियम के नियम-3 (5) के अंतर्गत अपराध सिद्ध होने पर एक वर्ष का कारावास अथवा 10,000 रुपए का जर्माना अथवा दोनों एक साथ होने का प्रावधान है।

### 20 लाख रुपए की आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत

**महासमुंद।** कलेक्टर प्रभात मलिक ने राजस्व पुस्तक परिपत्र 6-4 के तहत प्राकृतिक आपदा से मृत्यु होने पर 05 मृतकों के निकटतम वारिसानों के लिए चार-चार लाख रुपए के मान से कुल 20 लाख रुपए की आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की है। इनमें पानी में डूबने से मृत्यु होने पर विकासखंड महासमुंद के ग्राम बावनकेरा के मृतक नेतराम निषाद, पिथौरा विकासखण्ड के ग्राम राजासेवैयाखुर्द के मृतक कौशल निषाद के निकटतम वारिसान के लिए राशि स्वीकृत की गई है। इसी प्रकार सांप के काटने से मृत्यु होने पर विकासखण्ड बागबाहरा के ग्राम कसेकेरा के मृतका राधिका ठाकुर एवं पिथौरा विकासखंड अंतर्गत आग में जलने से मृत्यु होने पर के ग्राम भुरकोनी की मृतका हरिमती व बिजली गिरने से मृत्यु होने पर ग्राम सोनासिल्ली की मृतका मोतिम यादव के निकटतम वारिसानों के लिए चार-चार लाख रुपए आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की गई है।

### सड़क हादसे में युवक की हो गई मौत

**महासमुंद।** काम से वापस लौट रहे खुशराम ठाकुर की बाइक को गाड़ी ने टक्कर मार दी, जिससे उसकी मौत हो गई। पुलिस के अनुसार खुशराम ठाकुर बाइक क्रमांक सीजी 06 जीएन 2091 से दोपहर नवागांव से काम से वापस अपने घर आ रहा था। तभी गांजर जाने के मुख्य मार्ग के पास टीनारा खार के पास पीछे से टाटा एसीआई वान ने ओवरटेक करते हुए उन्हें टक्कर मार दी। घायल खुशराम को 112 के मदद से बागबाहरा अस्पताल ले जा रहे थे, लेकिन रास्ते में उसने दम तोड़ दिया।

## आक्रोश : मुआवजा राशि नहीं मिलने से रोहिना के किसानों में रोष

# ओलावृष्टि से हुई फसल क्षति की मुआवजा राशि देने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बसना

पिछले रबी सीजन में हुई ओलावृष्टि से सागरपाली रोहिना क्षेत्र के सैकड़ों एकड़ रबी फसल को काफी नुकसान पहुंचा था। ख़ासकर गेहूं, मूंग, उड़द, चना, सरसों, सूरजमुखी, मूंगफली, प्याज आदि फसल को काफी नुकसान पहुंचा है। ओलावृष्टि का प्रकोप सागरपाली रोहिना के आसपास के गांव में ज्यादा था। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के निर्देश पर राजस्व विभाग द्वारा फसल क्षति का आकलन भी करवाया गया तथा हल्का पटवारी द्वारा आरबीसी 6-4 के तहत मुआवजा प्रकरण तैयार कर तहसील कार्यालय में 16 अप्रैल 2024 को जमा किया गया है। मगर, अब तक किसानों को मुआवजा राशि नहीं मिल पाई है। जिससे किसानों में रोष व्याप्त है।



रोहिना के किसानों ने गेहूं फसल के लिए बीमा भी करवाया था, जिसका लाभ अभी तक नहीं मिल पाया है। पिछले 20 मार्च को सागरपाली रोहिना क्षेत्र में भयंकर ओलावृष्टि हुई। जिसके चलते रबी फसल बर्बाद हो गई। जिन किसानों ने गेहूं, मूंग, उड़द आदि फसल लिए थे, बर्बाद फसल को देखकर माथा पकड़ लिए। ओलावृष्टि से रोहिना, कापुडीह, दुर्गापाली, सागरपाली, बिजराभांठा, बिरसिंगपाली, बुधुडोंगर आदि गांव में व्यापक रूप से क्षति हुई है। किसानों ने बताया कि पहली बार इतने बड़े-बड़े ओले गिरते हुए देखा था। आधे घंटे की ओलावृष्टि से लहलहाती फसल चौपट हो गई।

रोहिना के रूपानंद साहू ने बताया कि गेंहू पककर कटाई के लिए तैयार थी, ऐसे समय में ओलावृष्टि होने से पूरी तरह से गेहूं झड़ कर नीचे गिर गया और उत्पादन पूरी तरह से प्रभावित हुआ। उसने करीब 5 एकड़ में गेहूं की फसल ली थी, जहां पिछले वर्ष करीब 80 पैकेट हो गया था। इस बार मुश्किल से 25 पैकेट हुआ है। वीरेंद्र सेठ ने बताया कि गेहूं, मूंग बोया था। ओला गिरने से पूरी तरह से बर्बाद हो गया है। लागत भी नहीं निकला। गस्तीडीपा राजेश एवं भगवानो यादव ने बताया कि ओलावृष्टि से उनके गांव में भी काफी नुकसान हुआ है। सागरपाली के वृंदावन साहू ने बताया कि उसने गेहूं और मूंग लगाया था। ओलावृष्टि की वजह से पूरी तरह से चौपट हो गया। किसानों की मांग पर राजस्व विभाग द्वारा फसल क्षति का आकलन कर मुआवजा प्रकरण तैयार किया गया है। हल्का पटवारी ने बताया कि करीब 2 महीने पहले मुआवजा प्रकरण तैयार कर तहसीलदार बसना के पास जमा कर दिया गया है। इधर, किसानों ने आचार संहिता समाप्त होते ही मामले का त्वरित निराकरण होने की उम्मीद जताई है। किसानों ने तत्काल मुआवजा राशि दिलाए जाने की मांग शासन से की है।

## सांसद के आगमन पर किया गुलदस्ता भेंट



**सरायपाली।** महासमुंद लोकसभा क्षेत्र के भाजपा सांसद रुपकुमारी चौधरी के नगर आगमन पर भाजपा के युवा नेता कैलाश अग्रवाल एवं दीपक माखीजा ने गुलदस्ता भेंटकर स्वागत किया।

## अनन्या ने तंबाखू निषेध दिवस पर विशेष कलाकृति बनाकर दिया संदेश

**बसना।** अखिल भारतीय मारवाड़ी महिला सम्मेलन का आयोजन विगत दिनों नगर बसना में किया गया। बता दें कि मारवाड़ी महिला मंच हो या मारवाड़ी युवा मंच बसना के तत्वावधान में प्रतिवर्ष धार्मिक व रचनात्मक कार्यों को करते हुए समाज में एक अच्छा संदेश देने का कार्य किया जाता है। इस वर्ष भी अखिल भारतीय मारवाड़ी महिला सम्मेलन आयोजित किया गया। मारवाड़ी समाज के प्रतिभाशाली बच्चों द्वारा विभिन्न विधाओं में उत्कृष्ट कार्य करते हुए आम जन मानस में स्वच्छ एवं स्वस्थ रहने का संदेश दिया है। इसी कड़ी में प्रतिभा पब्लिक स्कूल कक्षा सातवीं की छात्रा अनन्या अग्रवाल ने विश्व तम्बाकू निषेध दिवस पर विशेष कलाकृति ड्राइंग बनाकर समाज में एक अच्छा संदेश दिया है। अनन्या पिता



आशीष अग्रवाल बसना निवासी समाज सेवी देवचरण अग्रवाल व्यवसायी की पोती हैं। अनन्या अपने ड्राइंग में लिखती हैं कि वास्तव में मनुष्य तंबाखू का सेवन नहीं करता, तंबाकू मनुष्य का सेवन करती जाती है और हमें इसका पता भी नहीं चलता। जब पता चलता है तब काफी देर हो चुकी रहती है। इसलिए तंबाखू से दूर रहिए, स्वस्थ रहिये। अनन्या के ड्राइंग पर स्कूल के छात्र-छात्राओं, गुरुजनों एवं नगरवासियों ने भी हर्ष जताया है।

## विभिन्न ट्रेडों में दिया जाएगा निःशुल्क कौशल प्रशिक्षण

**महासमुंद।** जिले में संचालित केंद्र शासन एवं राज्य शासन की विभिन्न कौशल प्रशिक्षण योजनाओं के माध्यम से 18 से 45 वर्ष तक के युवाओं को रोजगार एवं स्वरोजगार मूलक कौशल प्रशिक्षण प्रदाय किया जाना है। जिसके तहत प्रधानमंत्री कौशल विकास योजनांतर्गत ड्रायविंग, ब्यूटी पार्लर, सिलाई, मोबाइल फोन, हार्डवेयर रिपेयर टेक्निशियन, असिस्टेंट इलेक्ट्रिशियन एवं केयर गिवर, मुख्यमंत्री कौशल विकास योजनांतर्गत सिलाई, कम्प्यूटर असिस्टेंट, इलेक्ट्रिशियन, ड्रायविंग असिस्टेंट, मोबाइल फोन हार्डवेयर रिपेयर टेक्निशियन, प्रधानमंत्री जन-मन योजनांतर्गत ब्लाऊज मेकिंग, मशरूम उत्पादन एवं बैंबू बेस्ड बास्केट मेकिंग कोर्स, जल जीवन मिशन योजनांतर्गत प्लम्बर कोर्स में निःशुल्क कौशल प्रशिक्षण प्रदाय किया जाना है। साथ ही प्रशिक्षण उपरांत युवाओं को रोजगार से जोड़ने एवं स्वरोजगार स्थापित कराए जाने में सहायता की जाएगी। प्रशिक्षण का संचालन लाइवलीहुड कॉलेज बरोंडा बाजार महासमुंद, लाइवलीहुड कॉलेज एक्सटेंसन बिरकोनी में किया जाएगा। जिसके लिए संबंधित कोर्स में प्रशिक्षण प्राप्त करने के लिए इच्छुक युवा जिला कौशल विकास प्राधिकरण जिला पंचायत महासमुंद अथवा लाइवलीहुड कॉलेज बरोंडा बाजार महासमुंद, लाइवलीहुड कॉलेज एक्सटेंसन बिरकोनी में आवेदन जमा कर सकते हैं।

## सुरुज उत्सव सम्मान समारोह में डॉ. शुक्ला हुए सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

छत्तीसगढ़ के अंतरराष्ट्रीय भरथरी गायिका सुरुज बाई खांडे की जयंती पर 12 जून को रायपुर में आयोजित सुरुज उत्सव सम्मान समारोह में छत्तीसगढ़ के ख्याति प्राप्त नामचीन समाज सेवी, पर्यावरण प्रेमी, वन्यजीव प्रेमी, सेवा भावी पत्रकार, साहित्यकार तथा समाज के विभिन्न क्षेत्रों में सेवा प्रदान कर रहे हस्तियों को सम्मानित किया गया।

सम्मान समारोह का आयोजन सुरुज ट्रस्ट द्वारा किया गया। ट्रस्ट द्वारा यह कार्यक्रम साल में दो बार किया जाता है। ट्रस्ट द्वारा दिया जाने वाला छत्तीसगढ़ राज्य का सबसे बड़ा सम्मान है। सम्मानित किए जाने वालों में महासमुंद जिले के युवा सामाजिक कार्यकर्ता डॉ. सुरेश शुक्ला को नामित किया गया था तथा छत्तीसगढ़ राज्य के पद्मश्री सम्मान प्राप्त अजय मंडावी, उषा बारले तथा ट्रस्ट प्रमुख दीप्ती ओगरे द्वारा सम्मानित किया गया।



डॉ. शुक्ला द्वारा जिले में विगत 15 वर्षों से महिला, बच्चों, किसान, शिक्षा, स्वास्थ्य तथा पर्यावरण जैसे जन हितैषी अनेक विषयों को लेकर समाज के पिछड़े तथा जरूरतमंद वर्गों के लिए कार्य किया जा रहा है, उनके द्वारा किये जा रहे कार्य में प्रमुख रूप से सपेरा जनजाति के बच्चों के स्कूली दाखिला कर शिक्षा व्यवस्था, समुदाय के मूलभूत जरूरतों की पूर्ति तथा शासकीय योजना से लाभान्वित किये जाने के लिए प्रदान किया गया। पूर्व में भी डॉ. शुक्ला को जिले में संचालित जन विकासीय कार्य में अपना सहयोग प्रदान किए जाने के लिए राज्य के विभिन्न संस्थानों द्वारा सम्मानित किया जा चुका है।

सम्मान समारोह में प्रमुख रूप से छत्तीसगढ़ के फ़िल्मि निर्माता मोहन सुंदरानी तथा ट्रस्ट प्रमुख द्वारा सुरुज बाई खांडे की जीवनी पर प्रकाश ड़ालते हुए बताया गया कि सुरुज बाई खांडे छत्तीसगढ़ की विख्यात भरथरी गायिका थीं। वे अहिल्या बाई सम्मान से सम्मानित थीं। उन्होंने सात साल की उम्र से भरथरी गाने की शुरुआत अपने नाना स्वर्गीय राम साय धृतलहरे के मार्गदर्शन में किया था। उन्होंने रूस, दुसाम्बे, अमला के अलावा लगभग 18 देशों में अपनी कला की प्रस्तुति दी थी। साथ ही देश में भोपाल, दिल्ली, इंदौर, सिरपुर, ओडिशा, महाराष्ट्र जैसे लगभग सभी राज्य में अपनी कला का प्रदर्शन कर चुकीं थी।

## कला एवं संस्कृति के अध्ययन के बिना अधूरा है भारतीय साहित्य



**महासमुंद।** शासकीय महाप्रभु वल्लभाचार्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय में प्राचार्य डॉ. अनुसुइया अग्रवाल के निर्देशन में व्याख्यान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता अजय देशपांडे पूर्व सदस्य संगीत नाटक अकादमी नई दिल्ली कला संस्कृति मंत्रालय के सलाहकार सदस्य थे। डॉ अनुसुइया अग्रवाल ने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 में भारतीय कला एवं संस्कृति के अध्ययन एवं अध्यापन प्रमुख विषय हैं। कला एवं संस्कृति का अध्ययन के बिना भारतीय साहित्य अधूरा है। मुख्य वक्ता ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति के महत्व के बारे में विस्तार से जानकारी प्रदान की और बताया कि संवेदनशील समाज के निर्माण के लिए कला एवं संस्कृति का अध्ययन जरूरी है। स्नातक स्तर के विद्यार्थियों को कला एवं संस्कृति के ज्ञान से राष्ट्र के निर्माण में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभा पाएंगे। व्याख्यान कार्यक्रम में करुणा दुबे, डॉ. आरके अग्रवाल, डॉ. नीलम अग्रवाल, मनीराम धीवर, अजय कुमार राजा, राजेश्वरी सोनी, आशुतोष, दिलीप बढ़ई, एसआर रात्रे, सरस्वती सेठ, मनोज शर्मा, मुकेश साहू, महाविद्यालयीन अधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन सीमा रानी प्रधान एवं आभार प्रदर्शन डॉ. रीता पांडेय ने किया।

## छुईपाली में पेयजल की भीषण समस्या, मिशन के तहत निर्माण पानी टंकी से भी नहीं मिला लाभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सरायपाली

विकासखंड सरायपाली से महज 15 किलोमीटर दूर नेशनल हाईवे किनारे स्थित



ग्राम छुईपाली के डीपापारा में पेयजल की भीषण समस्या है। नए विकासखंड बनने व विकसित ग्राम पंचायत के दौड़ में शामिल ग्राम पंचायत में गरीब लोगों को पेयजल के लिए भटकना पड़ रहा है। यहां दिखाने के लिए तो 25 वर्षों से नल जल योजना का ढांचा और पाइपलाइन बिछा हुआ है। परंतु, यहां के निवासियों को इसका लाभ नहीं मिल रहा है। छुईपाली डीपापारा में भू जल स्तर लगभग 500 फीट नीचे चला गया है। अभी वर्तमान में जल जीवन मिशन के तहत पानी टंकी का निर्माण तो कर दिया गया है। परंतु, उस टंकी को किस बोर के पानी से भरा जाएगा, इस संबंध में कोई प्लान मूर्त रुप नहीं लिया है। यहां पर फोर लाइन निर्माण कंपनी बीएससीपीएल कंपनी द्वारा फोर लाइन निर्माण के लिए रॉ मटेरियल निकालने के लिए लगभग 80 फीट गहरा तालाब नुमा खुदाई किया गया है। इसमें हमेशा पानी रहता है, उसे फिल्टर कर ग्रामीणों का प्यास बुझाया जा सकता है परंतु, पेयजल के लिए कोई ठोस पहल नहीं होने से ग्रामीण लाचार व-बेबस है। ग्रामीणों द्वारा शासन से टैंकर से पानी सप्लाई की व्यवस्था करने व नल जल योजना को अतिशीघ्र चालू कराने की मांग की गई है।

## विधायक ने घटिया सड़क निर्माण को लेकर की प्रमुख अभियंता से शिकायत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सरायपाली

रायपुर प्रवास के दौरान स्थानीय विधायक चातुरी नंद ने



क्षेत्र में हो रहे घटिया सड़क निर्माण की शिकायत पीडब्ल्यूडी के प्रमुख अभियंता से की है। विधायक की शिकायत पर प्रमुख अभियंता ने मुख्य अभियंता को जांच कर रिपोर्ट सौंपने के लिए निर्देशित किया है।

इस संबंध में जानकारी देते हुए विधायक नंद ने बताया कि क्षेत्र की बोंदा से नवापाली सड़क, भंवरपुर से बड़े साजापाली सड़क, केना से टेंगनापाली सड़क और झिलमिला से छोटे साजापाली सड़क निर्माण की शिकायत ग्रामीणों द्वारा लगातार की जा रही थी। घटिया सड़क निर्माण किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने बताया कि प्रमुख अभियंता से मिलकर शिकायत की है। यदि जांच कर दोषी ठेकेदारों और अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई नहीं होगी तो सदन से सड़क की लड़ाई हम लड़ेंगे। बता दें कि सरायपाली अंचल में चारों ओर सड़क निर्माण कराया जा रहा है, जहां ठेकेदारों द्वारा गुणवत्ताहीन कार्य कराए जाने की शिकायत लंबे समय से की जा रही है।

## जिला कार्यालय में आपदा नियंत्रण कक्ष की स्थापना

**महासमुंद।** मानसून सत्र 2024 में प्राकृतिक आपदा से बचाव एवं राहत व्यवस्था के लिए कलेक्टर प्रभात मलिक के निर्देशानुसार जिला कार्यालय के कक्ष क्रमांक 20 में जिला आपदा नियंत्रण कक्ष की स्थापना 01 जून 2024 से की गई है। आपदा नियंत्रण कक्ष का दूरभाष क्रमांक 07723-223305 तथा ई-मेल है। बाढ़ आपदा नियंत्रण कक्ष के प्रभारी अधिकारी डिप्टी कलेक्टर हरिशंकर पैकरा (राहत शाखा), नोडल अधिकारी अधीक्षक भू-अभिलेख प्रमोद कुमार होंगे। जिले में वर्षा काल प्रारंभ से वर्षा काल समाप्ति तक नियंत्रण कक्ष 24 घंटे संचालित रहेगी। तत्कालीन व्यवस्था के तहत माह जून एवं जुलाई के लिए तीन-तीन पालियों में कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है। जिसमें 1 से 30 जून तक प्रथम पाली में प्रातः 6 बजे से दोपहर 2 बजे तक हिमांशु कुंजाम वर्ग-03, आबकारी विभाग व लिंक कर्मचारी दशरथ देवांगन सहायक वर्ग-03 एवं रामचरण यादव भृत्य, आदिवासी विकास विभाग व लिंक कर्मचारी रामचंद यादव भृत्य, शिक्षा विभाग की ड्यूटी लगाई गई है। इसी तरह द्वितीय पाली में दोपहर 2 बजे से रात्रि 10 बजे तक पुरुषोत्तम ध्रुव वर्ग-03 व लिंक कर्मचारी कन्हैया लाल धीवर सहायक वर्ग-03, स्वास्थ्य विभाग एवं बीरेन्द्र कुमार कुर्रे भृत्य, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा व लिंक कर्मचारी सूर्यकांत ध्रुव भृत्य, स्वास्थ्य विभाग तथा तृतीय पाली में रात्रि 10 बजे से प्रातः 6 बजे तक अजय कुमार रोहिदास कुशल सहायक वर्ग-03, जल संसाधन विभाग व लिंक कर्मचारी ओम प्रकाश ध्रुव सहायक ग्रेड-03 जिला अंत्यावसायी एवं रेवाराम साहू परिचारक चतुर्थ श्रेणी, जल संसाधन विभाग व लिंक कर्मचारी राजेंद्र कुमार देवांगन भृत्य लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग की ड्यूटी लगाई गई है।

## शपथ ग्रहण करते ही प्रधानमंत्री ने किसानों व गरीबों के हित में लिए निर्णय : राकेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

भाजपा प्रदेशाध्यक्ष पिछड़ा वर्ग मोर्चा राकेश चंद्राकर ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा तीसरे कार्यकाल की शपथ लेते ही देश के 9.3 करोड़ किसानों को 20 हजार करोड़ रुपए की प्रधानमंत्री सम्मान निधि राशि जारी करने तथा 3 करोड़ पीएम आवास की स्वीकृति देने पर धन्यवाद ज्ञापित किया है। चंद्राकर ने कहा कि मोदी सरकार ने लगातार तीसरी बार कमान संभालने के बाद सोमवार को पहला निर्णय किसानों के पक्ष में लिया। शपथ ग्रहण के अगले ही दिन कार्यभार संभालने के तुरंत बाद किसानों के लिए प्रतिबद्धता दिखाते हुए प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि जारी करने से संबंधित फाइल पर हस्ताक्षर किए गए। योजना की यह 17वीं किस्त है और इसके तहत करीब 20 हजार करोड़ रुपए किसानों में वितरित किए जाएंगे।



इस योजना से नौ करोड़ 30 लाख से अधिक किसान परिवार जुड़े हुए हैं। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के तहत छत्तीसगढ़ के 38 लाख से ज्यादा किसान पंजीकृत है। चंद्राकर ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी एनडीए की सरकार किसान हितैषी सरकार है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय छग के किसानों के विकास को प्राथमिकता में लेकर काम कर रही है। साय सरकार ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा किए गए वादों को पूरा करते हुए प्रति क्विंटल 3100 रुपए के भाव से प्रति एकड़ 21 क्विंटल धान खरीदने का वादा निभाया। चंद्राकर ने कहा कि भाजपा सरकार ने किसानों के विगत दो साल की बोनस राशि को भी देकर किसानों का भरोसा जीत लिया है। उन्होंने कहा कि मोदी की गारंटी को पूरा करते हुए प्रदेश के गरीबों और वंचितों के लिए 18 लाख प्रधानमंत्री आवास की स्वीकृति प्रदान की है। वहीं प्रदेश की 70 लाख से अधिक माताओं एवं बहनों को महतारी वंदन योजना के तहत प्रति माह 1 हजार रुपए दिए जा रहे हैं। चंद्राकर ने आगे कहा कि हमारी सरकार किसान कल्याण के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। इसलिए यह उचित है कि कार्यभार संभालने के बाद हस्ताक्षर की गई पहली फाइल किसान कल्याण से ही संबंधित है। पीएम मोदी आने वाले समय में किसानों तथा कृषि क्षेत्र के लिए और भी अधिक काम करना चाहते हैं। योजना के तहत देश के पात्र किसानों को तीन समान किस्तों में प्रतिवर्ष छह हजार रुपये दिए जाते हैं। अभी तक 16 किस्तों में तीन लाख करोड़ रुपए से अधिक राशि किसानों के खाते में सीधे हस्तांतरित की जा चुकी है।

